हरिभूमि
# विंध्य भूमि
जबलपुर, मंगलवार 13 जनवरी 2026
login : www.haribhoomi.com
सतना | छतरपुर | रीवा | सिंगरौली | पन्ना


**खबर संक्षेप**

## जगतगुरु रविदास आश्रम में समाजसेवी कमल सिंह पटेल ने किया कंबल वितरण

**मैहर।** वार्ड क्रमांक 1 अरकण्डी स्थित मां शारदा देवी धाम के जगतगुरु रविदास आश्रम में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। समाजसेवी बलराम सिंह पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती कमल सिंह पटेल ने महंत रामपाल महाराज और प्रबंधक अत्रमुनि महाराज को कंबल ओढ़ाकर सम्मानित किया। महंत जी ने परिवार के उज्ज्वल भविष्य के लिए अरदास की। इस दौरान आगामी 23 और 24 तारीख को होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में श्रीमती पूजा रवि,श्याम लाल चौधरी और राजेंद्र प्रसाद सेन सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## चार साल से अधूरा पड़ा जल जीवन मिशन कार्य

**सिलौंडी।** सिलौंडी पंचायत में सन 1980 में लोहे की पाइप लाइन बिछाई गई थी जो कि वर्तमान में अनेक जगह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है । पाइप लाइन का अधिकाश भाग नाली के अंदर से होकर जाता है । अनेक परिवारों में गंदा पानी आने की भी शिकायत है । सरपंच ,उपसरपंच और ग्रामीण ने कलेक्टर जन सुनवाई में जल जीवन मिशन का कार्य जो की सिलौंडी में लगभग 2 करोड़ 30 लाख की लागत से होना है जल्द से जल्द करने की मांग किया था । परंतु जिमेदार ठेकेदार और पीएचई की लापवाही के कारण जल जीवन मिशन का कार्य पिछले 4 साल से अधूरा पड़ा है । पिछले 6 माह से जल जीवन मिशन का कार्य बंद गई जून 2025 में ठेकेदार ने 15 दिन कार्य गांव में अभी तक सिर्फ 30 कनेक्शन कर कार्य बंद कर दिया जो की आज दिनांक तक कार्य बंद ही है ।ग्रामीण और ग्राम के जन प्रतिनिधि ने अनेक बार शिकायत किया परन्तु अभी तक पाइप लाइन बिछाई का कार्य शुरू नही हुआ है ।

### करोड़ों के बजट से खरीदी गई इन गाड़ियों की गुणवत्ता की जांच आखिर किसने की?

# धक्का-मार 'डायल 112': अपराधियों को क्या खाक पकड़ेंगी जो खुद जनता की मदद से आगे बढ़ रही हैं!

**सतना।**

मध्य प्रदेश सरकार ने जिस 'डायल 112' सेवा को आधुनिकता और रफ्तार का नया चेहरा बताकर पेश किया था,उसकी असलियत सतना की सड़कों पर नुमाया हो गई है। 15 अगस्त 2025 को जिन चमचमाती महंगी गाड़ियों को बड़े लाव-लश्कर के साथ पुलिस बेड़े में शामिल किया गया था,उन्हें साल भर भी नहीं बीता और अब वे खुद 'इमरजेंसी' में नजर आ रही हैं।



### बीच सड़क पर खुली पोल

ताजा मामला सोमवार दोपहर करीब 3 बजे नागौद-उचेहरा मुख्य मार्ग का है। यहाँ नागौद थाना क्षेत्र के पोड़ी चौकी के पास डायल 112 की एफआरवी MP 04 Y 03128 अचानक बीच सड़क पर ही दगा दे गई। पुलिस का सारथी बना चालक जब गाड़ी स्टार्ट करने में नाकाम रहा,तो अंत में आम नागरिकों को मोर्चा संभालना पड़ा। राहगीरों और स्थानीय लोगों ने जब जोर लगाकर धक्का दिया,तब कहीं जाकर पुलिस की यह 'आधुनिक' सवारी रेंगना शुरू हुई।

### सिस्टम फेल या सामान में झोल?

हैरानी की बात यह है कि इन गाड़ियों को आए अभी कुछ ही महीने हुए हैं। बताया जा रहा है कि गाड़ी में लगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के ओवरलोड के कारण बैटरी बार-बार बैठ रही है।

### उठते हैं कुछ गंभीर सवाल

करोड़ों के बजट से खरीदी गई इन गाड़ियों की गुणवत्ता की जांच आखिर किसने की?अगर किसी संगीन वारदात के वक्त अपराधी को पकड़ना हो और गाड़ी धक्का मारने की नौबत पर आ जाए,तो सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन लेगा? क्या नई गाड़ियों के नाम पर विभाग को पुरानी समस्या वाले वाहन तो नहीं थमा दिए गए? बड़ी बात है कि जो गाड़ी खुद सहायता के लिए मोहताज हो,वह आम जनता को समय पर सहायता कैसे पहुंचाएगी? सोशल मीडिया पर धक्का मारते पुलिस वाहन का वीडियो वायरल होने के बाद अब विभाग की काफी किरकिरी हो रही है।

## मझगवां क्षेत्र में तेंदुए का आतंक: गाय को उतारा मौत के घाट



**सतना।** मझगवां वन परिक्षेत्र के कैलाशपुर बीट अंतर्गत टोड़रा जंगल के पास तेंदुए के हमले से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार,तेंदुए ने एक गाय पर जानलेवा हमला कर दिया।

घायल गाय किसी तरह घर तो पहुंच गई,लेकिन उपचार से पहले ही उसकी मृत्यु हो गई।उल्लेखनीय है कि महज दो दिन पहले ही इसी तेंदुए ने एक बकरी को अपना शिकार बनाया था। लगातार हो रहे हमलों से क्षेत्र के पशुपालक डरे हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ अब रिहायशी इलाकों के करीब आ रहा है और पालतू जानवरों को निशाना बना रहा है। वन विभाग से मांग की गई है कि तेंदुए को पकड़ने के लिए जल्द से जल्द उचित कदम उठाए जाएं ताकि जन-हानि को रोका जा सके।

## मैहर पुलिस की बड़ी सफलता: 63 लीटर अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार





**मैहर।**

पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशन में कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की है।मुखबिर की सूचना पर रामपथ गवन मार्ग (ग्राम बरही पुलिया) के पास घेराबंदी कर राकेश चौधरी 40 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास से 7 कार्टून में रखी 63 लीटर अवैध देशी-अंग्रेजी शराब जब्त की गई, जिसकी कीमत लगभग 31,000 रुपये है। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी और उनकी टीम की सराहनीय भूमिका रही।



## सरस्वती स्कूल में 'सूर्य नमस्कार अभियान' और योग दिवस का भव्य आयोजन

**मैहर।** स्थानीय सरस्वती स्कूल परिसर में सूर्य नमस्कार अभियान एवं योग दिवस का गरिमामयी आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,कलेक्टर रानी बाटड और एसडीएम दिव्या पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहीं।अतिथियों ने दीप प्रज्वलन के बाद विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग स्वस्थ जीवन की कुंजी है। नियमित योगाभ्यास से शारीरिक और मानसिक विकास होता है।इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं,शिक्षकों और नगरवासियों ने सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार और विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। विद्यालय प्रबंधन ने अतिथियों का स्वागत किया और अंत में सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सीमेंट प्लांट की मनमानी: 100 वर्ष पुराना मार्ग क्षतिग्रस्त, आदिवासियों का जीवन खतरे में

**मैहर।** अमगार क्षेत्र की आदिवासी महिलाओं ने केजेएस सीमेंट प्लांट द्वारा उनके पारंपरिक मार्ग को क्षतिग्रस्त करने का गंभीर आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग करीब 100 वर्ष पुराना था, जिसे अब 500 फीट गहरी खदान के बिल्कुल किनारे से मोड़ दिया गया है, जिससे हर वक्त दुर्घटना का डर बना रहता है। महिलाओं ने कलेक्टर कार्यालय में शिकायत दर्ज कराते हुए सवाल किया है कि हमारा गुनाह क्या है? आदिवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि अधिकारी मौके पर आकर हकीकत देखें और उनके जल,जंगल,जमीन के अधिकार की रक्षा करें।

## भगवान अग्रसेन को लगा 101 व्यंजनों का भोग, महाआरती में उमड़ा जनसैलाब

### नववर्ष 2026 के पावन माघ माह के उपलक्ष्य में भव्य महाआरती



**सतना।**

मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा के तत्वावधान में जवाहर नगर स्थित अग्रसेन मंदिर में नववर्ष 2026 के पावन माघ माह के उपलक्ष्य में भव्य महाआरती का आयोजन किया गया।प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मित्तल एवं महामंत्री सविता अग्रवाल के निर्देशानुसार,जिला अध्यक्ष विष्णु अग्रवाल व महिला अध्यक्ष सीमा अग्रवाल के नेतृत्व में भगवान अग्रसेन एवं माता महालक्ष्मी को 101 व्यंजनों का छप्पन भोग अर्पित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी सीताराम (रामू) रहे। विशिष्ट अतिथियों में नवयुवक मंडल के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल,महामंत्री रामकुमार अग्रवाल सहित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। सायं 5:30 बजे मंत्रोच्चार के साथ महाआरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में अग्रबंधु शामिल हुए। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस दौरान मंजू चमड़िया, रत्ना अग्रवाल,नेहा अग्रवाल सहित समाज के सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## जिओ मार्ट की अवैध पार्किंग बनी मुसीबत ट्रैफिक नियमों की उड़ रही धज्जियाँ



**सतना।** शहर के सिविल लाइन पतेरी मार्ग पर स्थित रिलायंस जिओ मार्ट प्रबंधन की लापरवाही आम जनता के लिए खतरा बन गई है। यहाँ आने वाले ग्राहकों के वाहन सड़क पर अवैध रूप से पार्क किए जा रहे हैं,जिससे आए दिन सड़क हादसे की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बड़े प्रतिष्ठान बेसमेंट पार्किंग के नाम पर प्रशासन को गुमराह कर रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि ट्रैफिक विभाग केवल आम नागरिकों पर सख्ती दिखाता है,जबकि सड़क घेरकर खड़े इन बड़े शोरूमों और मॉल्स पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण यातायात बाधित हो रहा है। नागरिकों ने मांग की है कि प्रशासन इन बड़े संस्थानों पर सख्त कार्रवाई करे ताकि शहर की यातायात व्यवस्था सुगम हो सके।

## नेशनल हाईवे पर अवैध बस पार्किंग पर एक्शन, वसूला 15 हजार जुर्माना



**सतना।** शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है।एसडीएम राहुल सिलाडिया के निर्देशन में आरटीओ संजय श्रीवास्तव और ट्रैफिक पुलिस ने नेशनल हाईवे पर बेतरतीब खड़ी बसों के विरुद्ध सघन कार्रवाई की। इस दौरान नेशनल हाईवे पर अवैध रूप से खड़ी 6 बसों पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत प्रति बस 2500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। प्रशासन ने कुल 15,000 रुपये का जुर्माना वसूल किया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आईएसबीटी बस स्टैंड का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है और



वहां पार्किंग की पर्याप्त सुविधा है,फिर भी बस चालक हाईवे पर बसें खड़ी कर दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। ट्रैफिक सब-इंस्पेक्टर रामदेवी राई ने चेतावनी दी है कि यदि दोबारा हाईवे पर बसें पाई गईं तो और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## यातायात पुलिस और स्वास्थ्य विभाग ने चलाया निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर

### सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा अभियान




**मैहर।**

*'सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा' अभियान के तहत मैहर यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों के लिए निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। यातायात प्रभारी विक्रम पाठक और उनकी टीम ने सिविल अस्पताल की डॉ.प्रीति त्रिपाठी के सहयोग से चालकों की आंखों की जांच कराई। इस पहल का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और चालकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। मौके पर कई वाहन चालकों ने इस सुविधा का लाभ उठाया।*

## कुलगढ़ी बांध की नहरें बनीं किसानों का दर्द कहीं खेत जलमग्न, तो कहीं प्यासी फसलें

**सतना।** जल संसाधन विभाग के नागौद उप संभाग स्थित कुलगढ़ी बांध,जो क्षेत्र के दर्जनों गांवों की कृषि के लिए 'लाइफलाइन' माना जाता है,आज विभागीय लापरवाही के चलते किसानों के लिए मुसीबत का सबब बन गया है। प्रशासनिक अनदेखी का आलम यह है कि कहीं खेतों में जरूरत से ज्यादा पानी फसलें बर्बाद कर रहा है,तो कहीं नहर के अंतिम छोर (टेल) पर बैठे किसान एक-एक बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं।



### पिथौराबाद में रिसाव से 'टापू' बने खेत

पिछले एक सप्ताह से पिथौराबाद गांव में मुख्य सड़क के किनारे बनी पक्की माइनर नहर कई स्थानों से क्षतिग्रस्त है।अत्यधिक रिसाव (सीपेज) के कारण किसान गिरवर सिंह और अरुण सिंह के गेहूं के खेत जलमग्न हो गए हैं। फसल को डूबने से बचाने के लिए किसान स्वयं फावड़ा उठाकर कच्ची नालियां बना रहे हैं ताकि पानी बाहर निकाला जा सके। बार-बार जलभराव होने से गेहूं की फसल के सड़ने का खतरा पैदा हो गया है।

### अंतिम छोर तक नहीं पहुँच रहा पानी,जेब पर पड़ रही सिंचाई की मार

विडंबना यह है कि जहाँ एक ओर नहर फूटने से पानी व्यर्थ बह रहा है,वहीं दूसरी ओर नहर के अंतिम छोर पर स्थित खेतों तक पानी नहीं पहुँच पा रहा है। जितेन्द्र सिंह,शैलेन्द्र सिंह,राणा सिंह और राजेंद्र तिवारी सहित दो दर्जन से अधिक किसान अपनी सूखती गेहूं की फसल को बचाने के लिए महंगे डीजल पंप और ट्यूबवेल का सहारा लेने को मजबूर हैं। किसानों का कहना है कि सरकार सिंचाई शुल्क तो वसूलती है,लेकिन पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने में तंत्र पूरी तरह विफल है।

### समितियां भंग होने से बिगड़ी व्यवस्था

किसानों के अनुसार,पूर्व में 'जल उपभोक्ता समितियों' के माध्यम से नहरों की सफाई और निगरानी सुचारू रूप से होती थी। समितियों के भंग होने के बाद से मॉनिटरिंग का काम पूरी तरह ठप है। न तो नहरों की मरम्मत की जा रही है और न ही पानी के वितरण पर कोई ध्यान दिया जा रहा है।

### किसानों की जुबानी... बदहाली की कहानी!

नहर की दरारों से हर साल मेरा खेत तालाब बन जाता है। गेहूं में पलेवा के बाद कई बार पानी भर चुका है। अगर जल्द मरम्मत नहीं हुई,तो पूरी मेहनत और लागत मिट्टी में मिल जाएगी।

**- गिरवर सिंह,पीड़ित किसान**

नहर फूटी होने के कारण हमारे खेतों तक पानी पहुँच ही नहीं रहा। विभाग के अधिकारी कभी ग्राउंड पर मॉनिटरिंग करने नहीं आते। हम महंगे दामों पर इंजन चलाकर सिंचाई करने को विवश हैं।

**- शैलेन्द्र सिंह परिहार,किसान**

### स्वदेशी वस्तुओं को अपनाएं,तो 'विकसित भारत' का लक्ष्य निश्चित रूप से पूर्ण होगा

# 'रन फॉर स्वदेशी' के साथ मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस

**सतना**

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद पद्मधर सिंह शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महा विद्यालय,सतना में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद जी की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार,प्राचार्य डॉ. एस. सी. राय के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना,रेड क्रॉस एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में 'रन फॉर स्वदेशी' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।



### योग और शपथ से हुई शुरुआत

कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके बाद उपस्थित सभी प्राध्यापकों और छात्रों ने सामूहिक रूप से सूर्यनमस्कार,प्राणायाम एवं योगाभ्यास किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.राय ने सभी को स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आजादी से पूर्व अंग्रेजों की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार कपड़ा व्यापार था। यदि हम आज पूर्णतः स्वदेशी वस्तुओं को अपनाएं,तो 'विकसित भारत' का लक्ष्य निश्चित रूप से पूर्ण होगा। शपथ ग्रहण के उपरांत प्राचार्य डॉ.एस.सी.राय ने हरी झंडी दिखाकर 'रन फॉर स्वदेशी' को रवाना किया। खास बात यह रही कि प्राचार्य ने स्वयं भी स्वयंसेवकों के साथ बस स्टैंड तक दौड़ लगाकर उनका उत्साहवर्धन किया। जिला संगठक डॉ.क्रांति मिश्रा ने भी दौड़ में हिस्सा लिया और स्वदेशी के नारों से वातावरण को ऊर्जामय बना दिया। सुरक्षा एवं व्यवस्था की दृष्टि से महिला थाना प्रभारी श्वेता मौर्य एवं उनकी टीम का विशेष सहयोग रहा। मार्ग में स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया गया।दौड़ के पश्चात अटल बिहारी सभागार में समापन कार्यक्रम आयोजित हुआ। यहाँ स्वयंसेवक मोहित कुशवाहा द्वारा स्वामी विवेकानंद जी का बनाया गया आकर्षक चित्र आकर्षण का केंद्र रहा,जिसकी सभी ने सराहना की।

**खबर संक्षेप**

## समाधान योजना बनी राहत का माध्यमः देवेंद्रनगर वितरण केंद्र में 900 से अधिक उपभोक्ता लाभान्वित

**देवेंद्रनगर** - राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए लागू की गई विद्युत बकायादारों हेतु समाधान योजना आमजन के लिए राहत का बड़ा माध्यम बनकर सामने आ रही है। इसी कड़ी में विद्युत वितरण केंद्र देवेंद्रनगर में पदस्थ अधिकारी एवं समस्त कर्मचारियों के सक्रिय सहयोग से अब तक 900 से अधिक उपभोक्ताओं को योजना का लाभ दिलाया जा चुका है। वितरण केंद्र के अधिकारियों ने बताया कि निकट भविष्य में योजना का लाभ अधिक से अधिक बकायादार उपभोक्ताओं तक पहुँचाने के लिए घर-घर संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। कर्मचारी प्रत्येक विद्युत बिल बकायादार से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर उन्हें बकाया राशि जमा कराने एवं योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। गांव-गांव प्रचार, माइक से दी जा रही जानकारी समाधान योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा वाहनों में माइक लगाकर गांव-गांव भ्रमण किया जा रहा है, ताकि कोई भी पात्र उपभोक्ता योजना से वंचित न रहे। ग्रामीणों को सरल भाषा में योजना की शर्तों, सरचार्ज में छूट और भुगतान प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। बकायादारों से योजना का लाभ उठाने की अपील विद्युत विभाग ने सभी बकायादार उपभोक्ताओं से की है कि वे समाधान योजना का लाभउठाकर अपना बकाया समय पर जमा करें, सरचार्ज में छूट पाएं और निर्बाध विद्युत सेवा सुनिश्चित करें। यह योजना न केवल उपभोक्ताओं के लिए लाभकारी है, बल्कि क्षेत्र में बेहतर बिजली




# राष्ट्रीय युवा दिवस पर हुआ सामूहिक सूर्य नमस्कार



**पन्ना।** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर सोमवार को पन्ना नगर के श्री जुगल किशोर मंदिर परिसर में सामूहिक सूर्य नमस्कार का मुख्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। सुबह 9 बजे से 10.30 बजे तक आयोजित कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों द्वारा उपस्थितजनों को सूर्य नमस्कार के 12 आसनों का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय, उपाध्यक्ष आशा गुप्ता एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव सहित कलेक्टर ऊषा परमार, सहायक संचालक शिक्षा अमित जैन, डीपीसी अजय गुप्ता, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.पी. तिवारी, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार एवं शिक्षकगणों के साथ स्कूली छात्र-छात्राओं ने भी सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में सहभागिता की। योग प्रशिक्षकों ने सूर्य नमस्कार की महत्ता बताई और दैनिक जीवन में इसे अपनाने के लिए प्रेरित भी किया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान राष्ट्र गीत एवं राष्ट्र गान के सामूहिक गायन के साथ स्वामी विवेकानन्द जी एवं मुख्यमंत्री का रिकॉर्डेड संदेश सुनाया गया। जिले के शैक्षणिक संस्थाओं में भी सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम हुआ।

# काम के साथ बेटी को बनाया दुष्कर्म का शिकार

### व्याह रचाने को लेकर किया वादा नहीं निभाया

**पन्ना।** दरिंदिगी किस तरह से सामने आई है जहां माता-पिता बाहर एक लड़की के काम करने मजदूरी के रूप में गये वहीं अजयगढ़ थाना अंतर्गत बनहरीकला ग्राम के सर्रा मजरा में एक यादव के यहां एक लड़की जिसके मा-बाप बाहर मजदूरी करने गये थे वह यादव के यहां उसके घर में काम करने के लिए बताया गया। वहीं उसको हवस का षिकार बना डाला। जो मामला आपसी पंचायत के जरिये ब्याह करने के लिए वादा किया गया फिर हुई वादा खिलाफी लड़की गर्भ से थी लडकी को डिलेवरी भी हो गई जिससे बेटी भी हो गई। अंततः पुलिस में मामला पहुंचा अपराध पंजीबद्ध के बाद माननीय न्यायालय में अजयगढ़ पुलिस ने पेष किया जहां से जेल की सलाखो के पीछे दुष्कर्म के आरोपी को पहुंचाया गया।

पन्ना। किस तरह से आज भी बेबसी कहें या मजबूरी वहीं जमीनी दास्ता झंगझोर देती है। जिले के अजयगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम बनहरीकला में सर्रा मजरा में एक लड़की जो घर के काम को लेकर एक यादव परिवार में रखी थी। जहां उसके माता-पिता बाहर महानगरों में मजदूरी के लिए गये थे। लड़की को काम में यहां लगाकर गये लेकिन किस तरह से लड़की के साथ दास्ता घटी उसे हवस का षिकार बना डाला। लड़की गर्भ से जब हो गई तो पंचायत का रास्ता आपसी सुलह का तय किया गया जहां शादी करने के लिए वादे किये गये बात नहीं बनी क्योंकि दूसरी जाति की लड़की एक आदिवासी परिवार की वहीं यादव परिवार का मामला कैसे हो ब्याह भले ही समय के साथ मामला पुलिस में नहीं पहुंचा पर अंततः लड़की का मामला पुलिस के पास पहुंच ही गया जहां अजयगढ़ पुलिस थाने में अपराध पंजीबद्ध हो गया। तथा आरोपी को माननीय न्यायालय मे 'पेष किया गया जहां से जेल की सलाखों के पीछे भेजा गया है। इस तरह से जहां आज काम की

**माननीय न्यायालय में पेष किया जहां से पहुंचाया गया जेल**

तालाष में जो परिवार महानगरों की ओर जाने को लेकर मजबूर है उनके साथ किस तरह से हादसे घटित होते है यह दास्ता झंगझोर रही है। जहां एक बेटी के साथ किस तरह से हैवानियत सामने आई वहीं उस बेटी के बेटी पैदा हुई है। अब क्या न्याय मिलेगा यह तो आने वाला वक्त ही तय करेगा। यह दास्ता विगत 8 जनवरी को लेकर तब चर्चा में आई जहां पुलिस ने जब कार्यवाही कर दी। आखिर किस तरह से आज भी जमीनी स्थिति महिला सुरक्षा व हालात मजबूरी के कहें विष्वासघात कहें या मजबूरी का फायदा उठाया। सवाल कई तरह के खड़े हो रहे है पर बेटी की जिंगदी के साथ एक दूसरी जिंदगी भी जहां जुड़ चुकी है अब दास्ता स्वयं ही झंगझोर देने को लेकर मानी जा रही है।

# किसान कल्याण वर्षः दावों और जमीनी हकीकत के बीच सवालिया निशान

**पन्ना।** किसानों समृद्धि को लेकर किसान कल्याण वर्ष के रूप में जहां शुभारंभ को लेकर सरकार भले ही दावे करे पर वास्तविकता में किसानों को लेकर क्या हालात है यह तो जमीनी स्थिति ही बयां करती है। समूचे जिले में खाद को लेकर हा-हाकार मचा रहा। इन हालातों में किसान का कल्याण कैसे होगा। सवालिया निषान?

किसानों के कल्याण को लेकर जहां सरकार अपने 10 संकल्प को लेकर अब आगे आ रही है। वहीं जब चिड़यि चुन गई खेत जैसे कहावत चरितार्थ हो रही है। किसानों को समूचे जिले में तो खाद को लेकर हा-हाकार मचा रहा। कहीं थाना प्रांगण खाद के टोकन लेने के लिए दिन-दिनभर कतारों में किसान लगे रहे तो कहीं चक्काजाम जैसे हालात भी नजर आये। अब किसानों की कल्याण को लेकर किसानों की आय वृद्धि एवं वेस्ट में कमी लाने का पूरा प्रयास करेगें यह दावा किया जा रहा है। वहीं प्राकृतिक खेती एवं जैविक कृषि को मिषन मोड़ पर बढ़ावा देगें सबसे बड़ा सवाल यह है कि जहां आधुनिक मषीनरी युग में किसान जो कृषि को लेकर आगे बढ़ चुके है ये कैसे लौटकर जैविक कृषि को लेकर कितने आयेगें। जो अपने आप में कहीं न कहीं अब किस हालात में सफलता मिलेगी। इतना ही नहीं उद्योग लगाने वाले उद्योगपति जो कि अपने उत्पाद की कीमत तय करने को लेकर स्वयं निर्णय लेते है वहीं किसान की फसल की कीमत सरकार के सहारे है। इसमें कोई निर्णय नजर नहीं आता। आखिर यह भेदभाव स्वयं ही दोहरी नीति का परिचायक माना जा रहा है। भले ही दावे किये जाये किसान के संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए वहीं मृदा स्वास्थ्य की बात की जाती है जबकि प्राचीन समय में जहां ग्राम सेवक जो हर गांव में दायित्व निभाते थे अब किस गांव में नजर आते है। यानि की किसानों के लिए अब तो हवा हवाई जरूर दावे माने जाये। वहीं प्रदेष के कृषि उत्पादों की ब्रांडिंग तथा निर्यात पर फोकस की बात की जा रही है। जब किसान को फसलों की बोवनी व फसलों के उचित समय पर खाद नहीं मिल सकती तो यहां निर्यात की बात कितनी कारगर होगी। इतना ही नहीं कृषि आधारित उद्योग कितने और कहां और कौन



लगायेगा यह भी सवाल के अंदर ही जवाब का इंतजार है क्योंकि किसान तो वास्तविकता में लम्बे अर्से से कहीं न कहीं पिसता ही चला आ रहा है। अब कैसे सषक्तिकरण की दिषा को लेकर उचित माना जाये। वहीं युवाओं को खेती करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जबकि कृषि में जहां युवाओं की सोच स्वयं पर निर्भर करती है आखिर जहां इस समय मजदूरी की आय तो कृषि से अधिक तय हो जाती है वहीं किसान अपनी फसलों का दाम तक स्वयं नहीं तय कर सकता। आज भी विद्युत, पानी व खाद को लेकर किसान किन हालातों से जूझ रहा है। फिर भी किसान कल्याण के लिए यह वर्ष शुभारंभ को लेकर चर्चा में है। निष्चिततौर पर उम्मीद जरूर मानना चाहिए क्योंकि सरकार कोई कायाकल्प कर दे चूकि संकल्प इनका जमीनी स्तर पर कितना कारगर होगा किसान के लिए किसान कल्याण वर्ग का जो शुभारंभ किया गया। देखना यह है कि पूरे साल किसानों के कल्याण के लिए जहां सरकार अपने संकल्पों के साथ समर्पण बयां कर रही है। वहीं किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य आज भी स्वयं तय करने की बात उचित मानते है। आखिर किसान को उसका हक क्यों नहीं जहां सरकार नमक से लेकर हर उद्योग से बनने वाले उत्पादों का मूल्य उनके उद्योगों के मालिकों के द्वारा स्वयं तय करने की छूट होती है फिर किसानों के लिए यह उचित क्यों नहीं माना जाता। क्या सरकार एक ही संकल्प पूरा करेगी। किसानों के द्वारा जो फसल पैदा की जाती है उसका मूल्य किसान ही निर्धारण करेगें। तभी तो किसान के हित में यह वर्ष कल्याण का माना जाये।

# खाद संकट ने तोड़ा किसानों का धैर्य, एनएच-39 पर किसानों का आक्रोश, एक घंटे तक जाम, प्रशासन ने बांटे टोकन



**देवेंद्रनगर** - खाद की गंभीर किल्लत और वितरण में व्याप्त लापरवाही से त्रस्त किसानों का सब्र आखिरकार जवाब दे गया। मजबूर होकर किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-39 को जाम कर दिया, जिससे लगभग एक घंटे तक यातायात पूरी तरह ठप रहा। सड़क पर बैठे किसानों का साफ कहना था कि खाद उपलब्ध होने के बावजूद अव्यवस्थित, मनमाने और भेदभावपूर्ण वितरण के कारण उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर एसडीओपी पन्ना, एसडीओपी गुनौर एवं सलेहा थाना प्रभारी तत्काल पहुंचे और स्थिति को संभालने का प्रयास किया। अधिकारियों ने संबंधित संस्था के साथ समन्वय स्थापित कर किसानों को टोकन प्रणाली के माध्यम से खाद वितरण का आश्वासन दिया, ताकि व्यवस्था पारदर्शी और सुचारु रूप से संचालित हो सके। अधिकारियों की पहल के बाद किसानों ने जाम समाप्त किया, लेकिन साथ ही स्पष्ट चेतावनी भी दी कि यदि खाद वितरण व्यवस्था में शीघ्र और स्थायी सुधार नहीं हुआ, तो वे दोबारा उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह प्रशासन और संबंधित संस्था की होगी। यह घटनाक्रम न केवल खाद संकट की भयावहता को उजागर करता है, बल्कि ग्रामीण अंचलों में किसानों की बढ़ती पीड़ा और प्रशासनिक तंत्र की परीक्षा भी सामने रखता है।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं मिनी मैराथन दौड़ का भव्य आयोजन

**देवेन्द्रनगर।** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर शासकीय संस्कृत महाविद्यालय देवेन्द्रनगर, जिला पन्ना (म.प्र.) के तत्वावधान में सामूहिक सूर्य नमस्कार, मिनी मैराथन दौड़ तथा प्रेरणादायी उद्बोधन कार्यक्रम का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में शारीरिक सुदृढ़ता, मानसिक दृढ़ता, अनुशासन तथा राष्ट्रनिर्माण की भावना को जागृत करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकाल सामूहिक सूर्य नमस्कार से हुआ, जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए योग एवं स्वस्थ जीवन शैली का संदेश दिया। इसके उपरांत आयोजित मिनी मैराथन दौड़ में कुल 52 छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अपनी शारीरिक क्षमता, उत्साह एवं खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### मिनी मैराथन दौड़ में छात्राओं वर्ग में-

संध्या पाल ने प्रथम स्थान, पुष्पांजलि ने द्वितीय स्थान तथा उमा द्विवेदी ने तृतीय स्थान प्राप्त



किया। वहीं छात्र वर्ग में ओमनारायण मिश्रा प्रथम, विकास द्वितीय, शिवम सेन तृतीय, कान्हा पाण्डेय चतुर्थ तथा सूरज नौर्गी पंचम स्थान पर रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नीरज शर्मा ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के विचार युवाओं को आत्मबल, अनुशासन एवं राष्ट्रसेवा की दिशा में अग्रसर करते हैं। स्वस्थ शरीर एवं सशक्त मन के माध्यम से ही सशक्त भारत का निर्माण संभव है। उन्होंने युवाओं से नियमित योग, व्यायाम, खेलकूद एवं सकारात्मक चिंतन को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया तथा राष्ट्रीय युवा दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया गया। आयोजन में महाविद्यालय परिवार का सराहनीय सहयोग रहा। इस अवसर पर डॉ. ध्रुवकुमार पाण्डेय, डॉ.रामनरेश द्विवेदी, डॉ.शालिग्राम मिश्र, डॉ.दिनेश कुमार त्रिपाठी, श्री पी.एल जमरा, राजाबाबू, रुद्रेश वर्मन, सोनू सेन सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल देवेंद्रनगर द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती पर नगर में निकाली गई भव्य रैली व झांकी

**बस स्टैंड देवेंद्रनगर में विवेकानंद प्रतिमा के समक्ष बच्चों ने दी आकर्षक प्रस्तुति**





**देवेंद्रनगर।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल देवेंद्रनगर द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के उपलक्ष्य में नगर में रैली एवं झांकी निकालकर विवेकानंद जयंती मनाई गई। जिसमें सभी बच्चों एवं शिक्षकों ने सूर्य नमस्कार,योग किया। फिर विद्यालय से रैली एवं झांकी का शुभारंभ हुआ जो सलेहा रोड एवं सतना रोड से होते हुए बस स्टैंड पहुंची। नगर में कई जगह पुष्प वर्षा के साथ रैली एवं झांकी का स्वागत किया गया। रैली की खास बात यह रही की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया।विद्यालय के डायरेक्टर अलक्षेन्द्र पटेल एवं मुख्य अतिथि शिवांगी गुप्ता अध्यक्ष नगर परिषद,विशिष्ठ अतिथि आनंद शुक्ला द्वारा बस स्टैंड में स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर तिलक एवं माल्यार्पण किया गया। विवेकानंद के प्रतिमा के सम्मुख ही विद्यालय के बच्चों के कार्यक्रम का संचालन राम सिंह यादव,हिमांशु मिश्रा एवं कक्षा आठ की छात्रा अंजना विश्वकर्मा द्वारा किया गया। जिसमें बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक, डांस एवं हिंदी,अंग्रेजी में भाषण दिए गए। मुख्य अतिथि के रूप में शिवांगी ललित गुप्ता नगर अध्यक्ष,विशिष्ट अथिति आनंद शुक्ला पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जय कुमार कुशवाहा, ऋषभ गर्ग एवं अन्य अतिथि सम्मिलित रहे। कार्यक्रम का समापन एवं आभार स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर अलक्षेन्द्र पटेल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका उर्मिला पटेल, रानू,शशि, सुजाता, सुचिता, अंजली,प्राची, आयुषी, वंदना, करीना, रागिनी, आयुषी, प्रिया, ऊषा, महक, श्रेया, दिव्या, शिवानी, गंगा, जमना, दुर्गा, संगीता, हिमांशु, रामसिंह, राहुल द्विवेदी एवं समस्त विद्यालय परिवार सहित छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# अवैध शराब रखने पर ढाबा संचालकों पर पवई पुलिस ने की कार्यवाही

### देसी मदिरा प्लेन एवं अंग्रेजी शराब गोवा कुल मिलाकर 30 लीटर कीमती करीबन ₹20000 की बरामद

**पवई।** पन्ना पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह के द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है जिसके तारतम्य में थाना पवई के नवागत थाना प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार के द्वारा पुलिस टीम के साथ दिनांक 11/01/26 को कस्बा पवई के बाहर बने विभिन्न ढाबों पर जाकर दविश दी गई । जिसमें पंचवटी ढाबा में देसी मदिरा प्लेन एवं अंग्रेजी शराब गोवा के कुल 50 क्वार्टर, लव कुश




ढाबा से देसी मदिरा प्लेन एवं अंग्रेजी शराब गोवा के कुल 55 क्वार्टर, शाही ढाबा से देसी मदिरा प्लेन एवं अंग्रेजी शराब गोवा के कुल कल 48 क्वार्टर एवं कृष्णा ढाबा से अंग्रेजी शराब गोवा के कुल 18 क्वार्टर कुल मिलाकर 171 क्वार्टर जिसमें करीबन 30 लीटर शराब कीमती करीबन ₹20000 अवैध रूप से पाए जाने पर बरामद किए गए हैं। मौके पर मिले ढाबा संचालक क्रमशः अजीज मोहम्मद निवासी पवई , नत्थू पटेल निवासी खम्हारिया, देवेंद्र चौबे निवासी कुम्हारी , अजय प्रताप परिहार निवासी खम्हारिया पर आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। नवागत थाना प्रभारी के द्वारा समस्त ढाबा संचालकों को हिदायत दी गई है कि अपने ढाबे में किसी प्रकार की अवैध गतिविधि ना करें अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय भूमिका - उक्त संपूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार थाना प्रभारी पवई, सहायक उप निरीक्षक राम सजीवन तिवारी, सहायक उप निरीक्षक विजय गर्ग, प्रधान आरक्षक अनिल गर्ग, आरक्षक राकेश डुडवे, वाहन चालक नागेंद्र थाना पवई की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पवई नगर में निकाली गई नशा मुक्ति हेतु रैली



**पवई।** भगवती मानव कल्याण संगठन के तत्वाधान में पवई नगर के सांदीपनि गार्डन में 11 और 12 जनवरी को अखंड दुर्गा चालीसा पाठ के जाप का आयोजन किया गया।जिसके बाद सोमवार को नशा मुक्ति हेतु संगठन के सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ आम लोगों के द्वारा नगर में विशाल जागरूकता रैली निकाली गई,जो सांदीपनि गार्डन से प्रारंभ होकर सलेहा तिराहा मिलौनी गंज,बस स्टैंड,झंडा बाजार, कन्या शाला से होते हुए पुनः सांदीपनि गार्डन पहुंची जहां रैली का समापन हुआ। इस दौरान लगातार संगठन के कार्यकर्ताओं के द्वारा लोगों को नशे से दूर रहने,उसे छोड़ने और नशा मुक्ति देश प्रदेश बनाने की अपील की गई। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में भगवती मानव कल्याण संगठन के सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे। उनके कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी ने क्या कुछ कहा सुनते हैं।

## खबर संक्षेप

### सांदीपनि विद्यालय में हुआ सामूहिक सूर्य नमस्कार

**राजनगर।** स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर राजनगर के सांदीपनि विद्यालय में उत्साह और ऊर्जा का अनूठा संगम देखने को मिला। विद्यालय परिवार ने पूरे राष्ट्र के साथ मिलकर स्वामी जी के जीवन दर्शन को याद किया और सामूहिक योग के माध्यम से स्वास्थ्य और राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया। कार्यक्रम का विधिवत प्रारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती रचना पटैरिया, संस्था प्राचार्य अनिल कुमार अरजरिया और विशिष्ट अतिथि रोहित तिवारी द्वारा माँ सरस्वती और स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूजन अर्चन के साथ किया गया। प्राचार्य श्री अरजरिया ने सभी अतिथियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया और अपने उद्बोधन में स्वामी जी के जीवन वृत्तांत और उनके शिक्षण सूत्रों को विद्यार्थी जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रेरणादायी उद्बोधन और समापनः मुख्य अतिथि श्रीमती रचना पटेरिया ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वामी जी के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं और उनसे सीख लेकर ही एक सफल जीवन की नींव रखी जा सकती है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को स्वल्पाहार कराया गया और राष्ट्रगान के साथ गरिमामय समापन हुआ।

### प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय बापू महाविद्यालय नौगांव में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**नौगांव।** सोमवार को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय बापू महाविद्यालय नौगांव में जिला विधिक प्राधिकरण के सहयोग से राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में नशीले पदार्थों की रोकथाम विषय पर विधिक जागरूकता, विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। विधिक जागरूकता एवं विधिक साक्षरता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिनेश कुमार प्रजापति, द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश नौगांव रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को विधिक जागरूकता का महत्व बताते हुए नशीले पदार्थों से दूर रहने, सामाजिक जिम्मेदारियों को समझने तथा राष्ट्र को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

---

राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई स्वामी विवेकानंद जी की जयंती

# जिले भर में हुए सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम

**छतरपुर।** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर छतरपुर शहर के शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 के खेल परिसर में विधायक ललिता यादव के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का सम्पन्न हुआ। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या अग्निहोत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों में कलेक्टर पार्थ जैसवाल, एसपी अगम जैन, जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, एडीएम मिलिंद नागदेवे, डिप्टी कलेक्टर विशा माधवानी, डीईओ अरुण शंकर पांडे सहित अन्य अधिकारियों एवं स्कूली बच्चों ने सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम किया।कार्यक्रम का शुभारंभ दीपप्रज्वलन कर मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। इसके पश्चात वंदेमारतम गीत गाया गया और स्वामी विवेकानंद जी द्वारा शिकागो में दिए गए व्याख्यान को रेडियो के माध्यम से सुनाया गया और उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। इसके बाद



प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जनता के नाम संदेश को दिखाया और सुनाया गया। भोपाल से प्रसारित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के सीधे प्रसारण के साथ ही उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों युवाओं द्वारा सूर्य नमस्कार और प्राणायाम तीन चक्र में किया गया। इस दौरान योग के महत्व और इससे होने वाले मानव स्वास्थ्य में फायदे बताए गए। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### चार चरणों में चलेगा संकल्प से समाधान अभियान

सरकार सुशासन और स्वराज के लिए प्रतिबद्ध है। विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ हितग्राहियों को दिलाने हेतु प्रदेश में चार चरणों में 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक संकल्प से समाधान अभियान चलाया जाएगा। जिसका शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस से की गई है।

---

कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# निर्माणाधीन तोरण द्वार हादसे में मृत मजदूर व घायलों को न्याय दिलाने कांग्रेस की मांग



**नौगांव।** शहर में नगरपालिका द्वारा सौंदर्यीकरण के तहत नगर के वार्डों को विकसित करने नपा द्वारा धोर्रा रोड पर एक स्वागत द्वार का निर्माण कराया जा रहा था जिसमें निर्माण के दौरान स्वागत द्वार भर भरा कर गिर जाने से एक मजदूर की मौत तो वहीं 3 अन्य मजदूर साथी घायल हुए थे।

इस घटना ने नौगांव नगरपालिका पर भ्रष्टाचार के तमाम आरोप गड़े जिससे नगरपालिका की वर्षों पुरानी बनी साख को मिट्टी में मिलाने का काम किया है जिसको लेकर कांग्रेस जिला अध्यक्ष गगन यादव के नेतृत्व में सोमवार को कांग्रेस नेताओं व पार्टी कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से तहसील चौराहे पर एकत्रित होकर तहसील चौराहे से एसडीएम कार्यालय पैदल पहुंचकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कांग्रेसियों ने मांग की है कि। मृत मजदूर के परिजनों को उचित मुआवजा एवं परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए एवं घायलों के समुचित ईलाज की मांग की। कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में भारी भ्रष्टाचार और लापरवाही बरती गई है। कांग्रेस पार्टी ने कहा कि मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए दोषी ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों और जिम्मेदार जो भी लोग हैं उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की। वहीं कांग्रेसियों ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि पीड़ितों को जल्द न्याय नहीं मिला और दोषियों पर कार्यवाही नहीं हुई तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन को बाध्य होगी। एसडीएम ने ज्ञापन लेने के बाद मामले की संपूर्ण जांच करा कर कार्यवाही करने आश्वासन दिया।

---

# बस के पहिए के नीचे आने से बुजुर्ग गंभीर घायल

### चालक की गलती से हुआ दर्दनाक हादसा



**छतरपुर।** जिले के बिजावर क्षेत्र में एक निजी बस के चालक की घोर लापरवाही ने एक बुजुर्ग को जीवन भर की अपंगता की कगार पर पहुँचा दिया है। दवाई लेकर अपने गांव लौट रहे एक 70 वर्षीय वृद्ध उस समय हादसे का शिकार हो गए जब वे बस से उतर ही रहे थे और चालक ने बिना किसी संकेत या सावधानी के वाहन को अचानक आगे बढ़ा दिया। इ जानकारी के मुताबिक बिजावर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई इस दुर्घटना में बेरखेड़ी गांव के निवासी नाथूराम दुबे गंभीर रूप से घायल हुए हैं। नाथूराम दुबे बिजावर से उपचार कराकर ओम साई राम बस से वापस अपने गांव लौट रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस में कंडक्टर मौजूद नहीं था, जिसके कारण यात्रियों के उतरने की निगरानी नहीं हो पाई। जैसे ही नाथूराम बस से उतरने लगे, चालक ने लापरवाही बरतते हुए बस की गति बढ़ा दी, जिससे वे संतुलन खोकर सीधे पहिए के नीचे आ गए। हादसे में उनके दोनों हाथ तीन जगहों से फ्रैक्चर हो गए हैं और एक पैर इस कदर कुचल गया है कि डॉक्टरों ने उसे काटने की आशंका जताई है। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गंभीर हालत में छतरपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### वीरेंद्र सिगोत बने भारतीय सफाई मजदूर संघ के जिला संयोजक

**छतरपुर।** सफाई मजदूरों के हितों की रक्षा और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से भारतीय सफाई मजदूर संघ ने एक महत्वपूर्ण नियुक्ति की है। वीरेंद्र सिगोत को छतरपुर का जिला संयोजक मनोनीत किया गया है। इस नई जिम्मेदारी के साथ ही संगठन को जिले में नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। भारतीय मजदूर संघ के जिला कार्यालय में आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम के दौरान वीरेंद्र सिगोत का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर बीड़ी मजदूर संघ के प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल चौरसिया और भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री डॉ. राजेंद्र सिंह ने उन्हें पट्टिका पहनाकर बधाई दी। पदाधिकारियों ने इस निर्णय के लिए प्रदेश अध्यक्ष हीरा रनवे और प्रदेश महामंत्री अमर मेहतेल का आभार व्यक्त किया। इसके पश्चात वीरेंद्र सिगोत ने विधिवत रूप से संगठन के कार्यालय पहुँचकर अपना कार्यभार ग्रहण किया। सफाई मजदूरों के कल्याण पर जोरः पदभार ग्रहण करते समय जिला संयोजक वीरेंद्र सिगोत ने कहा कि उनकी प्राथमिकता सफाई मजदूरों के मान-सम्मान की रक्षा करना और उनकी जायज मांगों को शासन-प्रशासन तक मजबूती से पहुँचाना होगा। कार्यक्रम में उपस्थित भारतीय मजदूर संघ के सहमंत्री राजेन्द्र चौरसिया सहित अरमान, लखन करोसिया, शीतल और भोलू जैसे कार्यकर्ताओं ने उन्हें पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

---

# संकल्प से समाधान अभियान में शिवरों के माध्यम से हितग्राहियों को मिले योजनाओं का लाभः कलेक्टर



### ड्राइव चलाकर टंकियों की सफाई और पानी टेस्टिंग में प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए

**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में सोमवार को टीएल प्रकरणों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, एडीएम मिलिंद नागदेवे सहित एसडीएम एवं जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री जैसवाल ने राज्य शासन के निर्देशानुसार 12 जनवरी से शुरू हुए संकल्प से समाधान अभियान के सुचारू क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। यह अभियान चार चरणों में 31 मार्च 2026 तक चलेगा। कलेक्टर ने अभियान के 15 फरवरी तक चलने वाले पहले चरण में समस्त एसडीएम, जनपद सीईओ, पीओडूडा एवं सीएमओ को निर्देश दिए कि ग्रामों एवं नगरीय निकायों में वार्ड स्तरीय समिति का गठन करें। उन्होंने कहा लगाए जाने वाले शिवरों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करें। उन्होंने शिवरों में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर एवं अभियान के संबंध में जानकारी देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एसडीएम को निर्देश दिए कि ब्लॉक स्तर पर बैठक करें और शिवरों का निरीक्षण करें। साथ ही आयुष्मान कार्ड बनाने, आधार कार्ड से जुड़ी समस्याओं के निराकरण एवं फॉर्मर आईडी से खसरा लिंक करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारी अपनी योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे, किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। कलेक्टर ने एलडीएम को निर्देश दिए कि बैंकों से संबंधित योजनाओं के लंबित प्रकरण अभियान में स्वीकृत कराएं। आरटीओ को शिविर में ड्राईविंग लाइसेंस बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिलेभर की गौशालाओं की जमीन से अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम और जनपद सीईओ को समन्वय से कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### 1508 मी.टन यूरिया खाद जिले में एक दो दिन में आएगा

कलेक्टर ने जिले में खाद के वितरण एवं उपलब्धता के संबंध में समीक्षा करते हुए कृषि एवं मार्कफेड अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान डीएमओ द्वारा बताया गया कि एक दो दिन में 1508 मीट्रिक टन एनएफएल यूरिया विजयपुर गुना प्लांट से रैक आने वाली है। जिससे जिले में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। कलेक्टर ने ई टोकन प्रणाली पोर्टल के माध्यम से आगामी दिनों में वितरित होने वाली खाद के संबंध में किसानों को जागरूक करने के निर्देश दिए।

### निकायों में हर मंगलवार को जल सुनवाई करने के निर्देश -

कलेक्टर ने हर मंगलवार को निकायों में जल सुनवाई आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों की समस्त पानी सप्लाई की टंकियों आदि की वॉटर सैम्पलिंग, साफ सफाई कराकर जांच कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा ड्राइव चलाकर ग्रामों एवं वार्डों में पानी की जांच किट लेकर जाएं और पेयजल टेस्ट करें। कलेक्टर ने सीएमओ को वार्डों में निरीक्षण कर लोगों से पानी संबंधित समस्याएं पूछने एवं जांच किट लोगों को वितरित कराने के निर्देश दिए। जिससे लोग स्वयं भी अपना पानी टेस्ट कर सकें। कलेक्टर ने नौगांव सीएमओ द्वारा एक हफ्ते में केवल पांच पानी के सैम्पल जांच के लिए भेजने पर 7 दिन की वेतन काटने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रत्येक निकाय हफ्ते में 100 से अधिक पानी जांच के लिए सैम्पल भेजें। उन्होंने खजुराहो के होटलों एवं ढाबों की पानी टेस्टिंग कराने के निर्देश दिए। साथ ही स्कूल, छात्रावासों एवं सभी अधिकारियों को शासकीय कार्यालयों में पानी टेस्टिंग कराने के निर्देश दिए। बैठक के अंत में 26 जनवरी 2026 गणतंत्र दिवस समारोह के संबंध में कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को सम्पूर्ण व्यवस्थाओं एवं तैयारियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### सीएम हेल्पलाइन के कम निराकरण पर शोकॉज -

कलेक्टर ने बैठक में अनुपस्थित रहने पर गढ़ीमलहरा सीएमओ को शोकॉज एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी की एक दिन की वेतन काटने के निर्देश दिए। साथ ही सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुए कम निराकरण पर छतरपुर नगर-ग्रामीण एवं बिजावर तहसीलदार और एमपीयूडीसी के अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि शिकायतों का निराकरण प्रतिशत नहीं बढने पर संबंधित की जिम्मेदारी तय की जाएगी और कड़ी कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

---

# सूर्य-नमस्कार के बाद स्वामी विवेकानंद को दी गई भावांजलि

**ईशानगर।** स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर ईशानगर में उत्साह और ऊर्जा का अनूठा संगम देखने को मिला। नगर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में सामूहिक सूर्य-नमस्कार के भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सहित श्री बाला जी इंग्लिश स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर, विलीफ इंग्लिश स्कूल, सुदामा पब्लिक स्कूल और अभिषेक ग्लोबल इंग्लिश स्कूल के छात्र-छात्राओं ने एक साथ योग की मुद्राओं का अभ्यास कर सूर्य की वंदना की। स्वामी विवेकानंद के विचारों को याद करते हुए युवाओं ने न केवल शारीरिक स्फूर्ति का परिचय दिया,



बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प भी दोहराया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मैदान में आयोजित मुख्य कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य के.एल. राय की उपस्थिति में विद्यालयीन स्टाफ और छात्र-छात्राओं ने पूरे अनुशासन के साथ सूर्य-नमस्कार और प्राणायाम की विभिन्न क्रियाएं संपन्न कीं।

---

# 25 लाख का लोन हड़पने के लिए अनपढ़ दंपत्ति को बनाया मोहरा

### पीड़ित दंपत्ति ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार



**छतरपुर।** एक अनपढ़ और सीधे-साधे बुजुर्ग दंपत्ति के साथ विश्वासघात और जालसाजी का एक बड़ा मामला सामने आया है। पीड़ित दंपत्ति का आरोप है कि उनके एक परिचित ने बैंक अधिकारियों के साथ सांठगांठ कर, उनकी जानकारी के बिना उनके घर को बैंक में गिरवी रख दिया और लाखों रुपये का लोन डकार लिया। मामला तब उजागर हुआ जब बैंक की टीम रिकवरी के लिए उनके दरवाजे पर पहुंची और मकान की नीलामी का नोटिस चस्पा कर दिया। छतरपुर के वार्ड नंबर 17 निवासी सुंदर कुशवाहा और उनकी पत्नी मानाबाई ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि उनके परिचित सद्दाम हुसैन ने बैंक लोन के लिए गारंटी देने का दबाव बनाया था। जब दंपत्ति ने मना कर दिया, तो सद्दाम ने एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के मैनेजर जितेंद्र राजपूत और दुर्गेश सेन के साथ मिलकर एक गहरी साजिश रची। अनपढ़ होने का फायदा उठाते हुए इन लोगों ने धोखाधड़ी से दंपत्ति के अंगूठे और दस्तखत ले लिए और उनकी संपत्ति को 24 लाख 99 हजार रुपये के लोन में बतौर गारंटी लगा दिया। इस राशि से सद्दाम ने अपना फर्नीचर का व्यवसाय शुरू किया, लेकिन बैंक की किश्तें जमा नहीं कीं। पीड़ित सुंदर कुशवाहा का कहना है कि उन्होंने पूर्व में भी 10 नवंबर और 31 दिसंबर 2025 को आवेदन दिए थे, लेकिन रसूखदारों के दबाव के कारण अब तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। अब बैंक उनका मकान हड़पने की तैयारी में है, जिससे पूरा परिवार सड़क पर आने की कगार पर है। पीड़ित ने एसपी से मांग की है कि सद्दाम हुसैन, उसकी पत्नी रुखसार खातून और संबंधित बैंक अधिकारियों के विरुद्ध कूटरचित दस्तावेज तैयार करने और धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर उनका घर बचाया जाए।

---

# एनटीपीसी विंध्याचल में HOP XI एवं GM (O&M) XI टीमों के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मुकाबले का आयोजन

**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल में खेल परिषद के तत्वावधान में 11 जनवरी 2026 को एनएच-3 मैदान मे एक मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मुकाबले का आयोजन किया गया। यह मुकाबला **HOP XI** एवं **GM (O&M) XI** टीमों के बीच खेला गया, जिसमें विभागाध्यक्षों और युवा खिलाड़ियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। मैच ने यह संदेश दिया कि खेल मैदान पर सभी भूमिकाएँ एक समान होती हैं और टीमवर्क ही सबसे बड़ी शक्ति है।टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए **HOP XI** ने 15 ओवरों में 150 रनों का प्रतिस्पर्धी लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करते हुए **GM (O&M) XI** ने शानदार संघर्ष किया, परंतु 122 रन ही बना सकी। इस प्रकार **HOP XI** ने मुकाबला अपने नाम किया।मैच के दौरान वरिष्ठ प्रबंधन की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिसमें श्री संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) के साथ श्री ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण), श्री एम. सुरेश, महाप्रबंधक(मेंटेनेंस एवं एडीएम) तथा डॉ. बी.के.




भराली, महाप्रबंधक(मेडिकल सर्विसेज) शामिल थे।मैच उपरांत अपने संबोधन में श्री संजीब कुमार साहा ने दैनिक जीवन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ खेल संस्कृति को सुदृढ़ करती हैं तथा कर्मचारियों की सहभागिता बढ़ाकर विंध्याचल टाउनशिप को और अधिक जीवंत बनाती हैं। श्री ए.जे. राजकुमार ने भी सामूहिक भावना को रेखांकित करते हुए कहा कि परिणाम चाहे जो भी हो, वास्तविक विजेता टीम विंध्याचल है। इस अवसर पर श्री नवनीत कुमार, एजीएम (ऑपरेशन) एवं उपाध्यक्ष (खेल परिषद) ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान अंतर-विभागीय टूर्नामेंट के विजेताओं को वरिष्ठ प्रबंधन द्वारा सम्मानित भी किया गया। इस आयोजन ने एक बार फिर यह सिद्ध किया कि सशक्त खेल संस्कृति विंध्याचल की ऊर्जा, आपसी सौहार्द और जीवंतता की आधारशिला है।

# स्वामी विवेकानंद की जयंती पर रीवा में आयोजित हुआ जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कार्यक्रम

स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। रीवा के मार्तण्ड स्कूल क्रमांक एक ग्राउण्ड में जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम किया।






रीवा।

उन्होंने सूर्य नमस्कार की विभिन्न मुद्राओं के साथ प्राणायाम भी किया। सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में सांसद जनार्दन मिश्र, विधायक मनगवां इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति, पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान, सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी भी शामिल हुए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वस्थ्य शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है। हम स्वस्थ एवं प्रसन्न रहेंगे तो अपने लक्ष्यों की पूर्ति आसानी से हो सकेगी। जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो तब तक अनवरत अपने कार्य में लगे रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल कर स्वस्थ रहा जा सकता है और बीमारियाँ कोसों दूर रहेंगी। शुक्ल ने युवाओं से अपील की कि स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर मनाये जा रहे राष्ट्रीय युवा दिवस में अपने भीतर की ऊर्जा का सदुपयोग समाज एवं देश के हित में करें और देश को विश्व गुरू बनाने में योगदान दें। उन्होंने कहा कि हमें सफलता मिलने पर अहंकारी नहीं होना चाहिए तथा असफलता मिलने पर निराश भी नहीं होना चाहिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन में बहुत चुनौतियाँ सामने आती हैं। पूरे धैर्य के साथ इनका सामना करने की जरूरत है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी के कदम यदि नशे की राह की ओर बढ़ गए तो हर तरह का विकास निरर्थक हो जाएगा। उन्होंने नशे विरूद्ध रीवा जिले में पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने बहुत कम उम्र में ऐसी ख्याति प्राप्त की जिससे दुनिया में उनका नाम हुआ। स्वामी विवेकानंद की यह भविष्यवाणी साकर हो रही है कि भारत विश्वगुरू बनेगा। 21वीं सदी में भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तेजी से आगे बढ़ते हुए विश्व गुरू बनने के करीब पहुंच चुका है। हमारा देश आर्थिक महाशक्ति के तौर पर उभरा है। शुक्ल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का जीवन न केवल हमें मार्ग प्रशस्त करता है वरन उनके द्वारा दिये गये वाक्य हमें जीवन में आगे बढ़ने में मददगार है। उनके जीवन चरित्र को अपने जीवन में उतारकर राष्ट्रीय युवा दिवस का उद्देश्य पूरा करने में समवेत होने का अह्वान उप मुख्यमंत्री ने किया। श्री शुक्ल ने सभी को युवा दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि योग हमारी सनातन परंपरा का एक अंग है। इसको अपनाने से मनुष्य स्वस्थ एवं चुस्त-दुरूस्त रहता है। उन्होंने सभी का आह्वान किया कि नियमित रूप से सुबह उठकर योग एवं प्राणायाम की प्रक्रियाएं दिनचर्या में शामिल करें। मिश्र ने विद्यार्थियों एवं युवाओं से आह्वान किया कि लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरे मनोयोग से अपने कर्तव्य का पालन करें।

## खबर संक्षेप

### भाजपा नेता गौरव ने नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष से की मुलाक़ात



रीवा। नई दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में भाजपा नेता गौरव तिवारी ने पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने नितिन नवीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। इस अवसर पर गौरव तिवारी ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय जे. पी. नड्डा के मार्गदर्शन में नितिन नवीन के नेतृत्व से संगठन को नई ऊर्जा, दिशा और मजबूती प्राप्त होगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पार्टी का संगठनात्मक ढांचा और अधिक सशक्त होगा तथा जनसेवा के संकल्प को नई गति मिलेगी।

### जिले के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित

रीवा। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने रीवा जिले के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए हैं। वर्ष 2026 के लिए मकर संक्रांति 14 जनवरी, भाई दूज 5 मार्च तथा महानवमी पर्व 19 अक्टूबर को स्थानीय अवकाश रहेगा। यह अवकाश सभी शासकीय और अशासकीय कार्यालयों तथा शिक्षण संस्थानों में लागू होगा। कोषालय, उप कोषालय और बैंकों में स्थानीय अवकाश का आदेश लागू नहीं होगा।

### शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल प्रदाय की व्यवस्था सुनिश्चित करें - कलेक्टर

रीवा। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल प्रदाय व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि जल सुनवाई में प्राप्त शिकायतों का शिकायत पंजी में पृथक से संधारण करते हुए त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये हैं कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल प्रदाय करने हेतु जल सुरक्षा के लिये पानी की टंकियो की साफ-सफाई डब्ल्यू.टी.पी. पर जल की निर्धारित गुणवत्ता को बनाये रखना, पेयजल पाईप लाईन में जल रिसाव एवं दूषित जल मिश्रण न हो इसके लिये पूर्ण रोकथाम किया जाय, उपभोक्ता के स्तर पर जल का परीक्षण कराया जाये, जल संरक्षण में पेयजल पाईप लाईन में जलरिसाव के साथ हैण्डपंपो में डली हुयी क्रेसिंग में कही लिकेज तो नहीं है इसका भी परीक्षण कराया जाय। कलेक्टर ने कहा कि सप्लाई पाईप लाईन से सीवर लाईन ओवर हेड टैंक में कही पानी का मिश्रण तो नहीं हो रहा इसका पूर्णतः परीक्षण करा लिया जाय। कही पर ऐसी स्थिति पाई जाय तो तत्काल आवश्यक सुधार कार्यवाही करायें। उपभोक्ताओ के नल कनेक्शन के माध्यम से कहीं भी लिकेंज की स्थिति पर सप्लाई पाईप लाईन में पानी कि गुणवत्ता खराब न हो इसका भी ध्यान रखा जाय। जिला स्तर पर, शहरी क्षेत्र वार्ड एवं ग्रामीण क्षेत्रो में पंचायत स्तर पर जल सुनवाई प्रत्येक मंगलवार को आयोजित की जाय इसके लिये शिकायत पंजी का पृथक से संधारण किया जाय, प्राप्त शिकायतो का त्वरित निराकरण दर्ज किया जाय, सी.एम. हेल्पलाईन एप के माध्यम से प्राप्त पेयजल शिकायतो को भी त्वरित निराकरण कर शिकायत बंद कराये। जल परीक्षण हेतु टेस्टिंग किट जेम पोर्टल पर उपलब्ध है आवश्यकता अनुसार क्रय किया जाकर परीक्षण रिपोर्ट जिला कार्यालय में प्रतिदिन शाम 4:30 तक अनिवार्यतः भिजवाना सुनिश्चित करें।

### कलेक्टर आज करेंगी टीएल पत्रों की समीक्षा

रीवा। कलेक्टर प्रतिभा पाल 13 जनवरी को टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करेंगी। बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 10 बजे से आरंभ होगी। बैठक में धान उर्पाजन, खाद वितरण, ई-आफिस व्यवस्था की भी समीक्षा की जायेगी। सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं।

### उप मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन संयुक्त पीडब्ल्यूडी भवन का किया निरीक्षण



रीवा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने 3 करोड़ 50 लाख रूपये की लागत से बनाये जा रहे संयुक्त पीडब्ल्यूडी भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया कि शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करायें ताकि जनवरी माह के अंत तक भवन का लोकार्पण हो सके। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अनुज प्रताप सिंह एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# संतों के निवास के लिये प्रथम चरण में बनेंगे तीन ऋषि आश्रम

**डिप्टी सीएम बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में उप मुख्यमंत्री ने ऋषि कुलम का किए भूमिपूजनर**



ीवा।

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में ऋषि कुलम का भूमिपूजन किया। वन्य विहार में संतों के निवास के लिये सर्वसुविधायुक्त तीन ऋषि आश्रम का निर्माण कराया जायेगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने ऋषि आश्रम की ड्राइंग का अवलोकन किया तथा निर्देश दिये कि सुविधायुक्त आश्रम का निर्माण तत्काल प्रारंभ करें और गुणवत्ता के साथ बनाये। उन्होंने कहा कि बसामन मामा गौवंश वन्य विहार की राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति हो गई है। गौसंरक्षण के लिये गौअभ्यारण्य के साथ ही यहां प्राकृतिक खेती के प्रकल्पों की भी शुरूआत हो गई है। यह प्राकृतिक खेती का बड़ा प्रशिक्षण केन्द्र बनेगा और यहाँ संतों का नियमित प्रवास होता रहेगा अतः ऋषि आश्रम में रसोई, बैठक कक्ष शयन कक्ष व अन्य आवश्यक व्यवस्थायें भी सुनिश्चित करायें। उप मुख्यमंत्री ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में प्राकृतिक खेती का अवलोकन किया तथा जैविक इनपुट, मिट्टी की उर्वरता तथा बीजामृत से बोई गई फसलों का निरीक्षण किया। उन्होंने बीजामृत निर्माण व प्राकृतिक खेती के लिये की जाने वाली तैयारियों के संबंध में पूंछताछ की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती के लिये जमीन के सुधार से लेकर सभी प्रक्रियाओं का विवरण प्रदर्शित करें ताकि आने वाले किसान इससे भलीभांति अवगत हो सकें और यहां प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने खेतों में प्राकृतिक खेती प्रारंभ कर सकें। उन्होंने प्रशिक्षण केन्द्र में प्राकृतिक खेती का गहन प्रशिक्षण प्राप्त करने की अपेक्षा मास्टर ट्रेनर्स से की ताकि वह पूर्ण प्रशिक्षित होकर किसानों को अद्यतन जानकारी दे सकें। उन्होंने कहा कि रीवा जिले को प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में अग्रणी जिला बनाना है। हिनौती सहित हरिहरपुर में भी प्राकृतिक खेती में संबंध में किसानों का भ्रमण कराकर उन्हें इसे अपनाने के लिये जागरूक किया जायेगा। भ्रमण के दौरान उप मुख्यमंत्री जी ने गौमाता की पूजा कर ग्रास व गुड़ खिलाया। उन्होंने भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना की। इस दौरान एसडीएम दृष्टि जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य नंदिनी तिवारी, गौवन्य विहार संचालन समिति के सचिव डॉ. राजेश मिश्रा, केके गर्ग, विधायक प्रतिनिधि विवेक दुबे, अनुज सिंह, विजय तिवारी उपस्थित रहे।1

# सराफा दुकान में तीन लाख की चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार, जेवरात बरामद

रीवा।



गुटखा खाने की तलब ने चोरी के एक मामले का पर्दाफाश कर दिया। शहर की एक सराफा दुकान में हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब तीन लाख रुपये कीमत के चांदी के जेवरात बरामद किए गए हैं। पूरी वारदात का खुलासा सीसीटीवी फुटेज के जरिए हुआ, जिसमें नकाबपोश बदमाश कुछ सेकेंड के लिए चेहरा खोलकर गुटखा खाते हुए कैमरे में कैद हो गया। जानकारी के अनुसार, सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के उपरहटी निवासी सराफा व्यापारी विनोद कुमार खंडेलवाल 6 जनवरी की शाम अपने घर और दुकान का दरवाजा बंद कर मोहल्ले में कुछ सामान लेने चले गए थे। इसी दौरान पहले से रेकी कर रहे बदमाशों ने घर में घुसकर दुकान का ताला तोड़ा और वहां रखे चांदी के जेवरात समेट लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। भागते समय उनके कुछ जेवर रास्ते में गिर भी गए थे। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास के मार्गों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। इसी दौरान एक कैमरे में वारदात से कुछ मिनट पहले एक नकाबपोश युवक गुटखा खाने के लिए अपना चेहरा खोलता हुआ नजर आया। चंद सेकेंड की इस फुटेज ने ही आरोपी की पहचान उजागर कर दी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान राजेश सोनी निवासी तरहटी के रूप में की। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपने साथी चिराग बाधवानी उर्फ चिकू निवासी फोर्ट रोड के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। इसके बाद पुलिस ने चिराग को भी गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से करीब तीन लाख रुपये कीमत के चोरी किए गए चांदी के जेवरात बरामद कर लिए हैं।फिलहाल दोनों से पूछताछ जारी है और पुलिस यह भी जांच कर रही है कि कहीं उनका संबंध शहर या आसपास की अन्य चोरी की घटनाओं से तो नहीं है।

# केन्द्रीय जेल में हुआ योग शिविर का आयोजन



रीवा।

युवा दिवस पर 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द जयंती के अवसर पर केन्द्रीय जेल में भारतीय मानवाधिकार एसोसियेशन एवं दिव्य बुद्ध योग संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में योग शिविर का आयोजन किया गया। भारतीय मानवाधिकार एसोसियेशन के राष्ट्रीय कल्याण सचिव डॉ. अजय कुमार द्वारा समस्त बंदियों एवं अधिकारी, कर्मचारियों को योग प्राणायाम, भर्षिका, कपालभांति, अनुलोम-विलोम, सूक्ष्म व्यायाम, सूर्य नमस्कार के बारह अभ्यास बताये गये। जेल में पदस्थ अधिकारियों द्वारा स्वामी विवेकानन्द के जीवन में प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा प्रदत्त ज्ञान, प्रेरणा एवं तेज के स्त्रोत के लाभ प्राप्त करने हेतु बंदियों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय, सुधाकर पाण्डेय ध्रुव कुमार मिश्रा, रतन पाठक, नीलू साकेत, मोहित मिश्रा, श्याम सिंह कुशवाह सहित अधीनस्थ स्टॉफ उपस्थित रहा।

# वार्षिक आमसभा न कराने वाली 51 सहकारी समितियों का पंजीयन होगा समाप्त, संयुक्त आयुक्त सहकारिता ने 51 समितियों को दिया नोटिस

रीवा।

संयुक्त आयुक्त सहकारिता राकेश कुमार पाण्डेय ने 51 सहकारी समितियों को पंजीयन समाप्त करने का नोटिस दिया है। यह नोटिस मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 18 ए/क के तहत दिया गया है। इन समितियों द्वारा वार्षिक आमसभा की बैठक न कराने, पंजीयन के बाद निर्वाचन न कराने पर नोटिस दिया गया है। इन समितियों द्वारा समिति का रिकार्ड संधारित न कराने तथा रिकार्ड का परीक्षण कराकर ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत न करने के कारण नोटिस दिया गया है। नोटिस का 15 दिन की समय-सीमा में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर इन समितियों के पंजीयन निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी। इस संबंध में संयुक्त आयुक्त ने बताया कि दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति नहरो, महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति करही नईगढ़ी, जोन्ही दुग्ध उत्पादक समिति जोन्ही, दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति वनपाडर, डिहिया, अमोखर, खटखरी, डढ़यि को नोटिस दिया गया है। इसी तरह महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति दुवगवां, प्राथमिक दुग्ध उत्पादक समिति गोहट तथा कैथा, कान्हा दुग्ध उत्पादक समिति पटपरा, माँ सरस्वती दुग्ध उत्पादक समिति दुवगवां कुर्मियान, कामधेनु दुग्ध उत्पादक समिति तड़ौरा, प्राथमिक दुग्ध उत्पादक समिति रेरूआ, गोपाल दुधारू पशु एवं दुग्ध उत्पादक समिति बड़ी हर्दी, महिला दुग्ध उत्पादक समिति पटेहरा, पटेहरा दुग्ध उत्पादक समिति पटेहरा हनुमना, ढनगन दुग्ध उत्पादक समिति ढनगन तथा लक्ष्मणबाग दुधारू पशु एवं दुग्ध विक्रय समिति रीवा को भी नोटिस दिया गया है। संयुक्त आयुक्त ने बताया कि दुग्ध उत्पादक समिति सगहन, अन्त्योदय बांस टोकरी समिति देवतालाब, प्राथमिक सीएसव्हीएलई समिति मऊगंज, हेल्पिंग नेटवर्क कम्युनिटी साख समिति अनंतपुर रीवा, विन्ध्य ई रिक्शा परिवहन समिति रीवा, माँ अष्टभुजा तेलघानी समिति बंधावा भाईबाट, राधाग्राम संगठन आजीविका समिति अटरा, दीनदयाल अन्त्योदय बांस टोकरी समिति झौरा, किसान बीज उत्पादक समिति कोटरा कला, बीज उत्पादक समिति कुठिला, नर्मदा बीज उत्पादक समिति हिनौता तथा उन्नत बीज उत्पादक समिति झोटिया को भी नोटिस दिया गया है। बीज उत्पादक समिति देवगावं, भागवत बीज उत्पादक समिति चौखड़ा, भारत बीज उत्पादक समिति अंजौरा महाकाल बीज उत्पादक समिति धोपखरा, यशोदा बीज उत्पादक समिति बरहटा, किसान बीज उत्पादक समिति पैपखरा, बीज उत्पादक समिति परसिया तथा पडेरूआ को भी नोटिस दिया गया है। देव किसान बीज उत्पादक समिति रकरी, प्रज्ञा बीज उत्पादक समिति दोहा, देव बीज उत्पादक समिति डिहिया, भोले बीज उत्पादक समिति पाडर, विन्ध्य खाद बीज क्रय-विक्रय समिति सोहागी, परमज्योति मछुआ सहकारी समिति चन्द्रमहुली, जानकी मछुआ समिति चचाई, आदिवासी मछुआ समिति रतनगवां, साहिल मत्स्य पालन समिति हर्दीखुर्द काठना तथा हिना महिला बहुउद्देश्यीय समिति रीवा को भी नोटिस दिया गया है।

# मऊगंज में आयोजित हुआ सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कार्यक्रम

## कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधियों एवं विद्यार्थियों ने किया सूर्य नमस्कार



**मऊगंज**। जिला स्तरीय सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का कार्यक्रम शासकीय केदारनाथ महाविद्यालय के मैदान में किया गया जिसमे कलेक्टर संजय कुमार जैन सहित जनप्रतिनिधियों अधिकारियों एवं विद्यार्थियों ने समवेत सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम की विभिन्न विधाएँ की। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि सूर्य नमस्कार को दैनिक दिनचर्या में शामिल किये जाने से तन-मन स्वस्थ्य व प्रसन्न रहता है। प्रातः काल किये गये प्राणायाम, योगाशन से दिनभर शरीर में स्फूर्ति बनी रहती है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया सूर्य नमस्कार व प्राणायाम अवश्य करें तथा एकग्र चित्र होकर अध्ययन करें और सफलता प्राप्त करें। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष बृजवासी पटेल, एसडीएम राजेश मेहता सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी एवं आमजन व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# पहाड़ी में राष्ट्रीय युवा दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

मऊगंजः



जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहाड़ी में स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संयोजक श्री कमलनयन तिवारी रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री संतोष कुमार द्विवेदी द्वारा किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार तिवारी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए स्वामी विवेकानंद के विचारों को युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक श्री महेंद्र कुमार शुक्ला ने छात्रों को संबोधित करते हुए युवाओं से अनुशासन, आत्मविश्वास एवं राष्ट्रनिर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक श्री पी. एल. द्विवेदी एवं श्री अनूप त्रिपाठी जी द्वारा तैयार की गई।कार्यक्रम के अंतर्गत स्वदेशी जागरण दौड़ का आयोजन किया गया। साथ ही विद्यालय परिसर को प्लास्टिक मुक्त बनाए रखने हेतु छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित जनसमूह द्वारा शपथ ली गई। इसके पश्चात सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं योग व्यायाम का आयोजन हुआ, जिसमें 300 से अधिक छात्र-छात्राओं तथा लगभग 50 अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम ने युवाओं में स्वास्थ्य, स्वदेशी एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का प्रभावी संदेश दिया।